pp लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक website: www.pawanprawah.com

पवन प्रवाह

सत्य का प्रवाह सतत् प्रवाह

डाक पंजीयन संख्या GPO LW/NP-106/2018-2020

रिसर्च-मेथाडॉलोजी' पुस्तक का विमोचन

लखनऊ (ब्यूरो)। विगत दिनों नई दिल्ली में 13वीं पुस्तक का विमोचन सेन्टर फार एजुकेशन ग्रोथ व रिसर्च संस्थान द्वारा किया गया। पुस्तक का विमोचन अखिल भारतीय तकनीकी परिषद के सदस्य-सचिव ने किया। इस पुस्तक के जरिये एक गौरवमयी इतिहास की उपलब्धि दर्ज हुई है।

इस मौके पर रवीश रोशन, निदेशक सीईजीआर ने बताया कि कि, यह पुस्तक भारतवर्ष में अपनी तरह की अलग पहचान वाली 'पहली-पुस्तक' प्रकाशित हो रही हैं जिसमें पाठ्यक्रम के अनुसार सभी 'मूल-चैप्टर' शामिल किए गये है। आशा है कि विद्यार्थियों के लिए यह एक प्रकार की अनोखी पुस्तक साबित होगी, जिसमें उनके सभी प्रश्नों के उत्तर मिल सकेंगे।

इस पुस्तक का विमोचन 'उच्च शिक्षा में नेतृत्व व प्रबन्धन' की कार्यशाला के दौरान विगत दिनों एपी मित्तल, सदस्य-सचिव अखिल भारतीय तकनीकी परिषद, द्वारा विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. रमेश उन्नीकृष्णन, निदेशक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, डॉ. सोनाली सिन्हा, सीओओ, एवं एसडीसी, श्री कुँवर शेखर विजेन्द्र कुलाधिपति, शोभित विश्वविद्यालय, श्री वीएम बन्सल, अध्यक्ष, नई दिल्ली प्रबन्धन संस्थान, तथा विभिन्न क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविद जिसमें 'स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज, लखनऊ के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह भी शामिल थे। डॉ. सिंह ने इस पुस्तक के 'इडिटोरियल-सदस्यो' में अपनी अग्रणी भूमिका निभायी है तथा अत्याधिक चैप्टरों को सही रूप दिया है। इनके द्वारा 28-चैप्टर इस की पुस्तक में 6-चैप्टर स्वयं द्वारा तैयार कर 'एक कीर्तिमान' स्थापित किया गया। स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज के अध्यक्ष, श्री एस.के. सिंह तथा सचिव व कार्यकारी अधिकारी, श्री शरद सिंह ने संस्थान की इस उपलब्धि हेतु प्रख्यात-शिक्षाविद डॉ. सिंह को साधुवाद दिया तथा इसके साथ शिक्षा जगत में एक अद्वितीय योगदान के लिये उनकी सरहना भी की।